समाचार

17 जून को वार्ड क्र. 04, 13, 25, 37, 43, 51, 57, 64 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 16 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 17 जून गुरूवार को वार्ड क्र. 04, 13, 25, 37, 43, 51, 57, 64 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 जून गुरूवार को वार्ड क्र. 04 दुर्गा पण्डाल इंदिरा नगर, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक सामुदायिक मंच कुश्ती मैदान के पास, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा विश्वकर्मा मंदिर के पीछे मंच के पास, वार्ड क्र. 37 भदरापारा अंबेडकर चौक हेमलता मितानिन घर के पास, वार्ड क्र. 43 सार्वजनिक मंच कलमीडुग्गू आंगनबाड़ी के पास, वार्ड क्र. 51 पूर्व माध्यमिक शाला लाटा स्थित मंच, वार्ड क्र. 57 भैरोताल दशहरा मैदान सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा बस्ती पण्डाल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।